**GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI**
**DIRECTORATE OF EDUCATION**
**OLD SECRETARIAT, DELHI–110 054**

**No. PS/DE/2016/**215 **Dated:** 15/6/2016

# CIRCULAR

**Subject: Hon'ble Dy. CM's Letter to SMC Members.**

Please find enclosed herewith Hon'ble MoE's letter for the SMC Members along with the enclosed proforma.

HoSs are hereby directed to hold an SMC meeting where the said letter is distributed to each SMC member after taking a print out. The feedback proforma enclosed must be filled by each member of the SMC. The HoSs should then scan each feedback proforma and email it to smcdelhi.edu@gmail.com by 01.07.2016.

15/06/16

**(SAUMYA GUPTA)**
**DIRECTOR (EDUCATION)**

**Heads of All Govt. Schools**

Copy to:

1. PS to Hon'ble Dy. CM/Minister of Education
2. Secretary (Education)
3. Addl. DE (RTE)
4. All RDEs/DDEs
5. OS (IT) with the direction to upload on DoE's website.
6. Guard File.

SBAgarwal 15/06/2016

**(Shruti Bodh Aggarwal)**
**OSD (RTE)**

मनीष सिसोदिया
MANISH SISODIA

उप मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार
दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट,
नई दिल्ली–110002

Deputy Chief Minister, GNCTD
Delhi Secretariat, I.P. Estate,
New Delhi-110002

# एसएमसी मेंबर्स के नाम शिक्षा मंत्री का पत्र



दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पहली बार समर कैंप्स के शानदार आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई।

प्रिय एसएमसी मेंबर साथी,

सबसे पहले तो दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पहली बार समर कैंप्स के शानदार आयोजन के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई। मैं जानता हूं कि स्कूल के क्रिएटिव टीचर्स के साथ-साथ समर कैंप्स को सफल बनाने में एसएमसी मेंबर्स का भी सहयोग रहा है। समर कैंप्स के अलावा भी पिछले एक साल में स्कूल की व्यवस्था में आपकी वजह से कई सकारात्मक बदलाव करने में हम कामयाब रहे हैं। दिल्ली के लगभग हर स्कूल में एसएमसी सक्रिय हैं और हर तरफ आपके काम की तारीफ हो रही है। सबसे ज्यादा तारीफ की बात ये है कि मेरी एसएमसी टीम में महिलाएं बहुत सक्रिय रही हैं। आप सबके भरोसे ही मैं ये बात पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि दिल्ली के किसी भी कोने के किसी भी स्कूल के बारे में कोई भी जानकारी मैं चंद मिनटों में हासिल कर सकता हूं।

यह पत्र आपको एसएमसी की आगामी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में लिख रहा हूं लेकिन इसके पहले मैं पिछले एक वर्ष के दौरान एसएमसी मेंबर्स के कुछ खास अनुभवों को साझा करना चाहता हूं। इन अनुभवों से हमें एसएमसी की आगामी भूमिका और जिम्मेदारी को समझने में मदद मिलेगी।

- दिसंबर, 2015 में स्कूलों में साफ-सफाई को लेकर एसएमसी मेंबर्स का इंस्पेक्शन और मेरे तक उसकी सीधी रिपोर्टिंग मीडिया के साथ-साथ लोगों में भी चर्चा का विषय रही। ये एक शानदार प्रयोग था जो बेहद सफल रहा। आपकी मेहनत और शिद्दत का ही नतीजा था कि दिसंबर में मैंने अफसरों से वाट्स एप पर फोटोग्राफ्स और वीडियो के जरिये बताया कि आपके क्षेत्र के किस स्कूल में कहां-कहां गंदगी पड़ी है। आपके द्वारा भेजी गई सूचना के आधार पर ही हम दिल्ली के हर एक स्कूल में साफ-सफाई की फोटो और वीडियो अधिकारियों को देकर उन्हें जरूरी निर्देश दे सके।
- सीमापुरी के एक स्कूल में गंदगी के बारे में जानकारी मिलने के बाद वहां के एसएमसी मेंबर्स ने खुद साफ-सफाई की। एसएमसी मेंबर्स का साथ देने के लिए वहां के स्थानीय विधायक राजेंद्र गौतम जी और शाहदरा के जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने खुद उस स्कूल में झाड़ू लगाई। इस पहल से प्रिंसिपल और टीचर्स को ये सकारात्मक संदेश दिया गया कि आप लोग हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा दीजिए, बाकी समस्या हम सब मिलकर सुलझा लेंगे।
- इसी तरह बदरपुर के एक स्कूल में एसएमसी मेंबर्स ने वहां के टूटे-फूटे फर्नीचर को अपने पैसे से दुरुस्त करवाया।
- गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ताजपुर पहाड़ी, बदरपुर में एसएमसी मेंबर्स ने एक एनजीओ की मदद से स्कूल में वाटर कूलर लगवा दिया।
- एसएमसी मेंबर्स ने मोलरबंद के एसकेवी मॉडल स्कूल १ में डोनेशन इकट्ठा करके कुछ पंखे लगवा दिए।
- कुछ स्कूलों में बच्चों के भागने की बात सामने आने पर वहां के एसएमसी मेंबर्स ने उनके माता-पिता से संपर्क करके उन्हें इसकी जानकारी दी और बच्चों को स्कूल से न भागने के लिए प्रेरित भी किया।
- कई जगह एसएमसी मेंबर्स की तरफ से सुझाव पेटिका लगाई गई है। अगर बच्चे आमने-सामने अपनी कोई समस्या नहीं कह पाते तो वे इसमें लिखकर डाल देते हैं।
- कई स्कूलों में एसएमसी मेंबर्स के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, डेंगू अवेयरनेस, कार-फ्री डे और ऑड-ईवन स्कीम सहित अन्य कई मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया गया।

कई स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने तो मेरे से यहां तक कहा कि अब हम एसएमसी मेंबर्स के सहयोग और भागीदारी के बिना कुछ भी नही करते। एसएमसी मेंबर्स एक तरह से हमारे परिवार का हिस्सा बन गए हैं।

इन सबके बावजूद आपमें से कई लोगों से बातचीत के बाद ये भी पता चलता है कि इतनी सक्रियता के बावजूद कई बार स्कूलों में बहुत से बदलाव नहीं हो पाते। हमारा मानना है कि स्कूल के बारे में पैरेंट्स और बच्चों की राय सबसे महत्वपूर्ण होनी चाहिए। इस मुद्दे पर में मैं आपकी राय जानना चाहता हूं। आपसे अनुरोध है कि इस पत्र के साथ लगे फॉर्म को भरकर मुझे भेज दीजिए। आपकी राय के आधार पर ही मैं एसएमसी मेंबर्स की आगामी भूमिका और जिम्मेदारी तय करूंगा।

आप जिस नि:स्वार्थ भाव, लगन और धैर्य के साथ काम कर रहे हैं, उसके लिए बहुत-बहुत बधाई।

जय हिंद

आपका
मनीष सिसोदिया

नाम : .................................................................... स्कूल : ..........................................................................................

SMC में आपकी भूमिका?

☐ उपाध्यक्ष ☐ पेरेंट मेम्बर ☐ समाज सेवक ☐ MLA प्रतिनिधि

मैं जानना चाहता हूं कि आप जिस स्कूल में एसएमसी मेंबर हैं, क्या वहां कुछ चेंज की जरूरत है?

एसएमसी के कामकाज में क्या-क्या बाधाएं हैं?

आपके हिसाब से एसएमसी मेंबर्स को और क्या-क्या जिम्मेदारी और भूमिका दी जा सकती है। आप लोग और क्या-क्या भूमिका निभा सकते हैं।

अगले साल आप कितना समय इस काम के लिए दे सकते हैं। मसलन,

☐ रोजाना 2-3 घंटे

☐ सप्ताह में 2-3 दिन

☐ सप्ताह में 1 दिन

☐ या समय नहीं दे पाएंगे